श्याम माय डिअर मस्ताना

श्याम माय डिअर मस्ताना,
बाय गॉड दीवानो का दीवाना,

दीवानी थी मीरा लिया विष का प्याला,
तो प्याले में आया नजर नन्द का लाला,
डेंजरस पोइज़न का पि गई पैमाना,
बाय गॉड दीवानो का दीवाना......

लिए रूप राशि खड़ा बन स्वरके,
जिसे लूटना है वो लूटो जी भर के,
वैरी नाइस ब्यूटी का खजाना,
बाय गॉड दीवानो का दीवाना.....

लगे झूमने ऐसा जादू ये कर दे,
ना जाने क्या मस्ती सी रग रग में भर दे,
स्वीट सांग मुरली का तराना,
बाय गॉड दीवानो का दीवाना

जिधर से भी गुजरो कोई राह जाओ,
जहाँ भी रहो सामने श्याम पाओ,
इम्पॉसिबल श्याम से है बच पाना,
बाय गॉड दीवानो का दीवाना

दिलो जान से प्यार करता है हमदम,
मै भूलूँ मगर याद रखता है हरदम,
गुड फ्रेंड है बिहारी ने ये जाना,
य गोड दीवानो का दीवाना

स्वर : लखबीर सिंह लक्खा

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4319/title/shyam-my-dear-mastana-baaye-good-deewano-ka-diwana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |